आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.10.2024/प्रादेशिक समाचार/18.00बजे

दशहरा

अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आज धूम–धाम के साथ सम्पन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की। उन्होंने इस मौके पर देवी–देवताओं के नजराने में 5 प्रतिशत और बजंतरियों के मानदेय व दूरी भत्ते में 20–20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की। उन्होंने कुल्लू जिला के पिरड़ी में ब्यास नदी के लैफ्ट और राईट बैंक को जोड़ने के लिए लगभग 26 करोड़ रूपए की लागत से पुल बनाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने भूभू–जोत सुरंग का मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी के समक्ष उठाया है। राज्य सरकार इस सुरंग के निर्माण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने मनाली के हरीपुर में मनाए जाने वाले दशहरा उत्सव के लिए सरकार की ओर से मिलने वाली धनराशि को बढ़ाकर 3 लाख रूपए करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू में 100 बिस्तर की क्षमता वाले मातृ व शिशु अस्पताल को सरकार सुदृढ़ करेगी ताकि जिला के लोगों को यहां बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके। उन्होंने इस मौके पर भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा कि वे अर्थव्यवस्था को लेकर दुष्प्रचार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने देवी–देवताओं की पुरानी वेशभूषा, वाद्ययंत्रों की धुनों, रथों की सजावट और शिविरों की सुन्दरता व साफ–सफाई के लिए कारदारों को पुरस्कृत भी किया। इससे पूर्व उन्होंने भगवान रघुनाथ के शिविर में पूजा–अर्चना की और कुल्लू कार्निवाल को हरी झंडी दिखाई। मुख्यमत्री ने बाद में कुल्लू के भुतंर में एक सौ 2 करोड़ रूपए की विकास योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए।

कार्यशाला

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक प्रियंका वर्मा ने स्वास्थ्य के लिए प्रभावी संचार के मुद्दों और टीबी मुक्त हिमाचल के मिशन में सभी हितधारकों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रियंका वर्मा आज शिमला में राज्य टीबी सैल और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा टीबी उन्मूलन में मीडिया की भागीदारी विषय पर आयोजित कार्यशाला

को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे हिमाचल प्रदेश टीबी उन्मूलन में आगे बढ़ रहा है, यह जरूरी है कि हम न केवल अपनी स्थानीय प्रगति को दिखाएं बल्कि अपनी उपलब्धियों की तुलना राष्ट्रीय व वैश्विक मानकों से भी करें। उन्होंने कहा कि नवम्बर महीने से प्रदेश में टीबी के मरीजों को अनुदान राशि 5 सौ से बढ़कर एक हज़ार रूपये मिलना आरंभ हो जाएगी। राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रविंदर कुमार ने इस मौके पर टीबी नियंत्रण प्रयासों में विभिन्न हस्तक्षेपों की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में वक्ताओं ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राज्य में स्वास्थ्य प्रणालियों को मज़बूत करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी भी दी।

संगीत महोत्सव

भाषा एवं संस्कृति विभाग 22 से 24 अक्तूबर तक शिमला संगीत महोत्सव का आयोजन करेगा। इस महोत्सव के तहत सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियां आयोजित होगी। भाषा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक पंकज ललित ने कहा कि इस आयोजन में अनेक विश्व प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत कलाकार भाग लेंगे।

ग्रीन पटाखे

ऊना ज़िला में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री, भण्डारण और उपयोग को ही अनुमति होगी। उपायुक्त जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी किए है। उन्होंने कहा कि ये निर्देश एन.जी.टी और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पटाखों की बिक्री करने वाले सभी लोगों को संबंधित एस.डी.एम से अस्थाई लाइसैंस लेना अनिवार्य है। उपायुक्त ने कहा ज़िले में त्योहारों के मौके पर पटाखों का उपयोग रात 8 बजे से 10 बजे की बीच ही किया जा सकेगा। उन्होंने सभी एस.डी.एम और पुलिस अधिकारियों को एन.जी.टी और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

अग्निकांड

सोलन ज़िले के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में बीती रात एक कॉस्मेटिक उद्योग में हुए अग्निकांड में एक व्यक्ति की मौत हो गई। ये अग्निकांड डेज हेल्थ एंड ब्यूटी हर्बल उद्योग के हीटिंग स्टेशन में अचानक आग लगने के कारण हुआ। डीएसपी बद्दी अभिषेक ने बताया कि

मृतक की पहचान आशीष कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

दुर्घटना

चंबा–पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज दोपहिया वाहनों की टक्कर में एक युवती की मौत हो गई और दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक युवती ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत ही चंबा मैडिकल कॉलेज पहुंचाया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

जागरूकता कार्यक्रम

करसोग विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भंथन में नशा जागरूकत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसील कल्याण अधिकारी भोपाल शर्मा ने इस मौके पर स्कूली विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और कहा कि इसकी चपेट में आने से किसी भी युवा का जीवन समाप्त हो जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे के प्रति जागरूक रहने और अपना भविष्य संवारने का आह्वान किया।

.......................................................................................................................